# सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के बाद तुरंत प्लानिंग करें : आनंदी

## शहर में भूखंड़ों की नीलामी करके और लीज डीड के बकायेदारों से वसूली करके राजस्व कोष मजबूत करेगा जे.डी.ए. प्रशासन



जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने गुरूवार को सभी प्रकोष्ठ के अधिकारियों की बैठक ली।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने गुरूवार को जेडीए के तमाम विभागों के अफसरों की बैठक ली। उन्होंने आगामी दिनों में लगाये जाने वाले नियमन शिविरों, सरकारी जमीनों से हटाए गए अतिक्रमणों और पॉश एरिया की जमीनों की प्लानिंग के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही कमर्शियल जमीनों की नीलामी करने, लीज डीड के बकायेदारों को नोटिस जारी कर राजस्व वसूलने तथा अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों पर कार्रवाई के लिए अफसरों को निर्देश दिए।

जेडीए कमिश्नर आनंदी ने कहा कि जिन सरकारी भूमियों से अवैध अतिक्रमण और कब्जा हटाया जाए, वहां तुरंत प्लानिंग करे, ताकि दुबारा अतिक्रमण की स्थिति नहीं बनें। अगर इसके बाद भी सरकारी जमीन पर पुन: अतिक्रमण होता है तो संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर कानूनी कार्रवाई की जाये। जेडीए की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए जोन-1 से जोन-7 तक की 2-2 संपत्तियों तथा जोन-8 से 14 तक की सेक्टर कॉमर्शियल और अन्य प्रकार की 25-25 संपत्तियों को चिन्हित करके नीलामी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने उपायुक्तो से पूछा कि जेडीए प्रशासन द्वारा एग्रो वेयर हाउस, वेयर हाउस, फार्म हाउस, व्यावसायिक, आवासीय एवं अन्य योजनाएं लांच की जो प्लानिंग की जा रही है, उसका काम कहां तक पहुंचा। जल्द से जल्द जेडीए द्वारा स्कीम लॉन्च करने का काम किया जाये। जेडीए का राजस्व कोष मजबूत करने के लिए जिन बड़े भूखंडधारियों पर लीज डीड राशि बकाया है, उन्हें नोटिस थमाकर वसूली करें। इसके साथ ही अदालतों में चल रहे लंबित केसों में भी प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करवायी जाये। जेडीए क्षेत्राधिकार में अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों को नोटिस जारी करें। साथ ही नगर निगम ग्रेटर-हैरिटेज क्षेत्राधिकार में अवैध रूप से संचालित विवाह स्थलों की एनओसी निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

- **कमिश्नर ने अफसरों से नियमन शिविर और आवासीय-व्यावसायिक योजनाएं जल्द धरातल पर उतारने के लिए कहा**
- **जयपुर शहर में अवैध तरीके से संचालित विवाह स्थलों पर भी कार्रवाई के लिए निर्देश दिए**

## मुआवजा वसूली के लिए उठाए कदमों की जानकारी दें : हाईकोर्ट

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना मामले में एमएसीटी कोर्ट की ओर से जारी वसूली आदेश की पालना में उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने 19 नवंबर को अलवर जिला कलेक्टर को व्यक्तिश: या वीसी के जरिए पेश होने के आदेश दिए हैं। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश सोहन सिंह की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता डीडी खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के बेटे की दुर्घटना में मौत होने पर उसने और मृतक की विधवा ने एमएसीटी कोर्ट, मथुरा में मोटर दुर्घटना की क्लेम याचिका पेश की थी। जिस पर कोर्ट ने 26 जुलाई, 2022 को अलवर निवासी वाहन मालिक व चालक के खिलाफ अवार्ड जारी किया था। इस अवार्ड आदेश की पालना नहीं होने पर अदालत ने रिकवरी आदेश जारी कर अलवर कलेक्टर को पालना करने को कहा।


इसके बावजूद भी कलेक्टर की ओर से आदेश की पालना नहीं की गई। इस पर कोर्ट ने कलेक्टर को 30 जनवरी, 2023 को रिमाइंडर भी जारी किया, लेकिन उसकी भी पालना नहीं की गई। इसे याचिका में चुनौती देते हुए कहा गया कि अलवर कलेक्टर अदालती आदेशों की पालना नहीं कर रहे हैं। एमएसीटी कोर्ट के आदेश के बावजूद याचिकाकर्ता को राहत नहीं मिली है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अवार्ड वसूली के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी नहीं देने पर अलवर कलेक्टर को हाजिर होने को कहा है।

## उपचुनाव में मिली जिम्मेदारियों के कारण सी.पी.जोशी का तुर्की का कार्यक्रम निरस्त

**जयपुर** । भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने उप चुनाव में मिली जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए तुर्की में होने वाला दो दिवसीय कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। सीपी जोशी का 8 नवंबर को तुर्की जाने का कार्यक्रम था, वहां अनेक देशों के सासंदों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की जानी थी। सांसद सीपी जोशी उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशीयों के समर्थन में प्रचार करने के लिए 9 नवंबर को देवली-उनियारा विधानसभा के देवली देहात मंडल की ग्राम पंचायत नासिरदा, देवलीगांव, राजमहल, संथली, बंथली और दूनी मंडल की ग्राम पंचायत देवड़ावास व दूनी आदि ग्राम पंचायतों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में होने वाली सभाओं और कार्यक्रमों में शामिल होंगे व पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। सीपी जोशी 10 नवंबर को झुंझुनूं प्रवास पर रहेंगे। गौरतलब है कि 5 नवंबर को जोशी ने सलूम्बर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया था।

## सार-समाचार

### एडवोकेट ललित शर्मा होंगे पुरस्कृत



**जयपुर** । सामाजिक संगठन "राजस्थान-समर्पण संस्था" की ओर से 10 नवंबर को जयपुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एडवोकेट ललित शर्मा को 'समर्पण समाज गौरव 2024' पुरस्कार से नवाजा जायेगा। यह पुरस्कार भारत सरकार के वकील ललित शर्मा को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जाएगा, जो राजस्थान उच्च न्यायालय में कानूनी सलाहकार हैं उन्हें समाज और कानूनी पेशे में उनके योगदान के लिए समर्पण समाज गौरव 2024 से सम्मानित किया जाएगा। रोटेरियन ललित शर्मा ने लेखन और पत्रकारिता के क्षेत्रों में अपना नाम कमाया है। वह फर्स्ट इंडिया न्यूज ग्रुप के साथ सलाहकार के रूप में काम कर रहे हैं। यह पुरस्कार उन्हें सामाजिक कार्य और कानूनी के साथ-साथ पत्रकारिता के क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जा रहा है। यह पुरस्कार समारोह केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोपालपुरा बायपास जयपुर में आयोजित किया जाएगा और समारोह के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों से कई सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति होगी।

### दो सूने मकानों में लाखों रु.की चोरी

**जयपुर** । शहर में पुलिस की गश्त व्यवस्था को धता बताकर चोर सूने मकानों को निशाना बना रहे है। पुलिस इन वारदातों पर लगाम लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। पुलिस के अनुसार कृष्ण नगर बी निवासी आत्माराम नारनोलिया ने करधनी थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसके मकान का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और मकान से सोने का हार, नथ, टीका, सोने का झुमका, सोने की लोंग, चांदी की पायल, कानों के टॉप्स, मंगलसूत्र,सोने की अंगूठी, चांदी की बिछिया और 93 हजार रुपए की नकदी ले गए। घटना 5 नवम्बर की है। घटना के समय उनका परिवार बाहर गया हुआ था। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा मिला और कमरों के साथ अलमारी का सामान बिखरा मिला। इस पर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू करदी है। दूसरी घटना में रामवाटिका अल्का कॉलेज पिण्डोलाई निवासी दुर्गेश प्रजापति ने बिंदायका थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और मकान से 35000, सोने के चार मंगलसूत्र, कान के तीन झुमके, दो जोडी चांदी की पायजेब, बच्चों के कान की बालिया सहित अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। घटना 5 नवम्बर की बताई जा रही है। घटना का पता पीड़ित को वापस लौटने पर लगा। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

### चार वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** । आमेर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वालों पर कार्रवाई करते हुए तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की दस कीमती दुपहिया वाहन (बाइक) बरामद की हैं। साथ ही पुलिस ने एक नाबालिग साथी को भी निरूद्ध किया है,जिसे बाल सुधार गृह भेज दिया हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर ( नॉर्थ उत्तर ) राशी डोगरा ने बताया कि आमेर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वालों पर कार्रवाई करते हुए वाहन चोर राहुल सैनी उर्फ राज (24) निवासी टेकड कुआ की ढाणी नई माता के पास थाना आमेर जयपुर हाल चन्द्र महल कालोनी आमेर जयपुर, गिरधारी मीणा (18) निवासी मंडावर जिला दौसा सहित चोरी के वाहन खरीदने वाले राहुल महावर (21) निवासी मानपुर जिला दौसा को गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने चोरी की वारदातों में शामिल एक नाबालिग को भी निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेज दिया। इसके अलावा पुलिस गिरफ्तार बदमाशों का एक साथ दीपांशु सैनी(25) निवासी थाना महुआ जिला दौसा की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बदमाशों से पुलिस टीम ने दस कीमती बाइक बरामद की है। गिरफ्तार बदमाश दुपहिया वाहन चोरी के समय पॉवर बाइक से आते हैं जिनके पास एक मास्टर चाबी रहती है। एक बदमाश लॉक तोडता है, एक बदमाश निगरानी रखता है तथा एक चोरी की बाइक को लेकर रवाना हो जाता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### दुष्कर्म के बाद युवती का वीडियो वायरल

**जयपुर** । गांधी नगर थाना इलाके में एक युवती से दुष्कर्म कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डालने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर बहन का अश्लील विडियो देखकर युवक अपनी बहन के साथ थाने पहुंचा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस ने बताया कि युवती ने शिकायत दी है कि एक युवक ने उसका अश्लील वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह अश्लील वीडियो एक वॉट्सऐप ग्रुप पर आया। इसमें पीड़िता का भाई भी जुड़ा हुआ था। भाई ने बहन को वीडियो के बारे में जानकारी दी। आरोपी ने वीडियो में केवल पीड़िता को दिखाया। खुद को छिपा लिया। वीडियो वायरल करने पर पीड़िता ने फोन किया तो आरोपी ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। इस पर पीड़ित लड़की गांधी नगर थाने पहुंची। युवक के खिलाफ गांधी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। युवती ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है।

### 22 जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**जयपुर** । नाहरगढ़ पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर(डीएसटी) ने जुआ माफियाओं के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए जुआ पेमेंट के लिए बार स्कैनर के साथ 22 जुआरियों को पकडा और उनके पास से एक लाख रुपये से ज्यादा जुआ राशि सहित 52 ताश की पत्तियों के तीन सेट बरामद किए है। वहीं इस कार्रवाई के दौरान मुख्य सरगना फिरोज उर्फ बबलू उर्फ गन्या फरार हो गया । जिसकी पुलिस टीम तलाश में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि नाहरगढ़ थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर ने जुआ माफियाओं के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते चांद मुबारिक, अनिल कुमार, फिरोज, विनोद कुमार, मुर्तजा, रज्जू उल्ला, धीरज, कालूराम पारीक, हेमन्त कुमार, मेहमूद कुरैशी उर्फ पप्पू, कैलाश शर्मा, विष्णु, राजू मीणा, विकास, बबलू, बनवारी लाल शर्मा, सलीम, वासुदेव, इरशाद, महेश, विनोद और कुजबिहारी को जुआ पेमेंट के लिए बार स्कैनर के साथ गिरफ्तार किया है और वहीं इस गैंग सरगना फिरोज उर्फ बबलू उर्फ गन्या मौके से फरार हो गया। सभी आरोपी थाना इलाके के रहने वाले है।

### भाजपा के 19 पदाधिकारी करेंगे प्रचार

**जयपुर** । विधानसभा उपचुनाव में शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देवली में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा, भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल भी उपस्थित रहेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि शुक्रवार को सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार-प्रसार करेंगे। वहीं दौसा विधानसभा में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, रामगढ़ विधानसभा में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह और झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व विधायक चन्द्रकांता मेघवाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चम्पालाल गेदर, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे। खींवसर विधानसभा में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ,पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और चौरासी में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार प्रसार करेंगे।

### स्काउट गाइड झंडे के स्टीकर का लोकार्पण

**जयपुर** । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को राजभवन में भारत स्काउट गाइड के 75 वें स्थापना दिवस की स्मृति पर निर्मित स्टीकर का लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान स्काउट गाइड संगठन की 75 वर्ष की यात्रा को महत्वपूर्ण बताते हुए सेवा और संकल्प के उद्देश्य से स्थापित इस संगठन से युवाओं को निरंतर प्रेरणा लेते "विकसित भारत" में योगदान का आव्हान किया। इससे पहले राज्यपाल बागडे को स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य के नेतृत्व में स्काउट गाइड शिष्टमंडल ने मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

## मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकली कलशयात्रा

**जयपुर** । बनीपार्क स्थित श्री करणी चारण छात्रावास स्थित करणी माता मंदिर में मां इंद्र बाईसा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई।

चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में जयपुर प्रांतीय चारण सभा के अध्यक्ष नरेंद्र कविया ने सप्नीक कलश देवता का पूजन किया। गाजेबाजे के साथ रवाना हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थीं। वहीं पुरुष श्रद्धालु हाथ में लाल झंडा लेकर चल रहे थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया।

विभिन्न मार्गों से होती हुई कलशयात्रा श्री करणी मंदिर पहुंची। शाम को चिरजा गायक राजेन्द्र कविया और विशाल कविया ने भक्तिमय चिरजाओं की प्रस्तुतियां दीं। शुक्रवार को सुबह 8.15 बजे मूर्ति की गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# राजापार्क में मोबाइल शोरूम से 2 करोड़ रु. के एप्पल गैजेट्स चुराने वाले बदमाशों की तलाश

## बदमाशों के भागने का संभावित रुट चार्ट बनाकर कैमरों की फुटेज खंगाल रही है पुलिस

**जयपुर** (कासं)। राजापार्क में मोबाइल शोरूम से करीब दो करोड़ रुपए के एप्पल गैजेट्स सहित आईफोन चोरी के मामले में जवाहर नगर थाना पुलिस शहर भर के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सीसीटीवी में कैद बदमाशों की बाइक के नम्बर स्पष्ट नजर नहीं आ रहे है। बदमाशों की पहचान और बाइक की खोजबीन के लिए पुलिस ने 6 टीमों का गठन किया गया है। तीनों टीमों बदमाशों के संभावित रूट चार्ट के आधार पर शहर भर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पहले दिन करीब 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा चुके है।

थानाधिकारी शेष नारायण ने बताया कि 3 किलोमीटर तक सीसीटीवी के माध्यम से बदमाशों का पीछा किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अब तक की जांच में सामने आया कि बदमाशों ने कुछ दिन पहले दुकान की रेकी की थी। बदमाश जानते थे कि दुकान का सेंटर लॉक खराब है। दुकान के शटर को नीचे से तोड़कर आसानी से घुसा जा सकता है। दुकान के अंदर घुसने वाले बदमाश ने स्विच बोर्ड पर उन्हीं बटन पर हाथ लगाया, जिससे लाइट जलती हैं। बदमाशों ने सस्ते फोन नहीं उठाए। दोनों बदमाशों ने महंगे फोन वाली दराज पर हाथ डाला। बदमाश जानते थे की इलाके में किस समय पुलिस की गश्त कमजोर हो जाती है। उसी समय को वारदात के लिए चुना था। डीसीपी ईस्ट के सुपरविजन में चोरी की इस वारदात की जांच की जा रही है। इसमें अलग-अलग छह टीमें बनाई गई हैं। टीम में डीएसटी ईस्ट थानों की स्पेशल टीम को लगाया गया है। कुछ टीमें सीसीटीवी पर काम कर रही हैं। कुछ टीमें वारदात के बाद मौके से भागे वाले बदमाशों को ट्रैक करने में लगी हुई हैं। कुछ नम्बर पुलिस को वारदात के दौरान एक्टिव मिले। इस पर काम किया जा रहा है। साइबर टीम की मदद से जांच तेज की जा रही हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द से जल्द पुलिस के हाथ बदमाश लगेंगे।

गौरतलब है कि बुधवार सुबह चार बजे जवाहर नगर थाना इलाके के पंचवटी सर्किल स्थित एक मोबाइल शोरूम में तीन बदमाश 1.5 करोड़ रुपए के एप्पल के गैजेट्स और आईफोन चुराकर फरार हो गए। दुकान मालिक रविंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 3:30 बजे बाइक पर तीन बदमाश आए थे। कुछ देर तक वे दुकान के आगे रैकी करते रहे। इसके बाद मौका देख बदमाशों ने दुकान का शटर तोड़ दिया। इनमें से 2 ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। बदमाश बैग भी साथ लेकर आए थे। उन्होंने आईफोन के साथ, मैक बुक, टैब और स्मार्ट वॉच समेत करीब 272 प्रोडक्ट्स चुरा लिए। आरोपी लगभग 20 मिनट तक दुकान के अंदर थे।

- **बदमाशों की पहचान और बाइक की खोजबीन के लिए पुलिस ने 6 टीमों का गठन किया गया है।**

## मादा श्वान और उसके बच्चों की जहर देकर हत्या

**जयपुर** । सोडाला थाना इलाके में मादा श्वान और उसके दो बच्चों को जहर देख कर हत्या करने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में एक एनजीओ संचालक ने मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एएसआई मुकेश सिंह कर रहे है।

पुलिस के अनुसार चेतक मार्ग प्रतापनगर निवासी लाज जैन ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास सोडाला गीजगढ़ अग्रवाल धर्मशाला के पास से एक महिला का फोन आया। महिला ने फोन पर बताया कि सड़क पर एक मादा श्वान और उसके दो बच्चों की लाश पड़ी है। मौके पर जाकर देखा तो एक मादा श्वान और उसके बच्चे मृत अवस्था में पड़े हैं और उनके मुंह से झाग आ रहे थे। इससे प्रतीत हो रहा था कि किसी ने उन्हें जहर दिया है। इस पर पीडिता ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## "राइजिंग राजस्थान" समिट के दौरान जयपुर में होगी दीपावली जैसी सजावट

**जयपुर** (कासं)। 'राइजिंग राजस्थान' में दुनियाभर से गुलाबीनगरी में आने वाले निवेशकों का जयपुर व्यापार मंडल द्वारा स्वागत किया जाएगा। इस दौरान जयपुर के सभी प्रमुख बाजारों में निवेशकों को न सिर्फ डिस्काउंट दिया जाएगा। बल्कि हर व्यापारी को दुपट्टा पहना इलायची खिलाकर स्वागत किया जाएगा।

दरअसल, राइजिंग राजस्थान समिट की तैयारियों को लेकर हैरिटेज निगम मुख्यालय में गुरुवार को शहर के व्यापार मण्डलों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। हेरिटेज निगम मेयर कुसुम यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, आयुक्त अरूण कुमार हसीजा समेत जयपुर व्यापार महासंघ के पदाधिकारी और शहर के प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।

बैठक में शामिल हुए विधायक गोपाल शर्मा ने सभी व्यापारियों से नौ दिसम्बर से शुरू होने वाले राइजिंग राजस्थान में शामिल हो रहे देशी - विदेशी अतिथियों के स्वागत के लिए पलक पांवडे बिछाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि तीन दिन तक जयपुर शहर में राइजिंग राजस्थान के अतिथि शहर की खूबसूरती को निहारेंगे, ऐसे में बाजारों में दीवाली जैसी रौनक रहेगी, हम सभी उनका राजस्थानी अंदाज में स्वागत करें। जिससे वे अपने साथ जयपुर की मेहमाननवाजी की खूबसूरत यादें साथ लेकर जाएं।

वहीं जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने सर्व सम्मति से आयोजन के दौरान अतिथियों को तीन दिन तक डिस्काउण्ट रेट पर खरीदारी कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जयपुर के सभी बाजारों में खरीदारी करने वाले मेहमानों का दुपट्टा ओढ़ाकर और इलायची खिलाकर स्वागत किया जाएगा।



**पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। कार्यपालक निदेशक तरुण बजाज ने कर्मचारियों को ईमानदारी की शपथ दिलाई। इस सप्ताह के दौरान एक वॉकथॉन आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय मुख्यालय फरीदाबाद के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र द्वारा राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया।**

# "राइजिंग राजस्थान" जिला स्तरीय इन्वेस्टमेंट समिट में आज होंगे 45 हजार करोड़ रु. के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर

**जयपुर** (कासं)। जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 45 हजार करोड़ के 205 निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर होंगे, जिससे 2 लाख 6 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

जिला कलक्टर ने गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले अपनी अहम भागीदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

जिला कलक्टर ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में जेम्स एंड ज्वैलरी, मेडिकल, स्पोर्ट्स, गारमेंट, वेयरहाउस, ई-वेस्ट, केबल, रीयल एस्टेट, ऑयल रिफायनरी एवं टेक्सटाइल सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों के निवेशकों ने नए उद्योगों की स्थापना एवं औद्योगिक विस्तार में अपनी रुचि दिखाई है। जिले में मुख्य रूप से जैम्स बूर्स ने 11 हजार करोड़, गो अभ्यारण हेतु 3 हजार करोड़, ऑयल रिफाइनरी हेतु 1 हजार 500 करोड़, एवीए इडिबल ऑयल द्वारा 1 हजार 200 करोड़, क्रेडाई ने 1 हजार करोड़, मंगलम समूह ने औद्योगिक पार्क हेतु 1 हजार करोड के एमओयू पर सहमति जाहिर की है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन, अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने एवं ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित के लिए उद्यिमयों, निवेशकों एवं 34 औद्योगिक संगठनों के साथ बैठक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने का हर संभव प्रयास किया गया है। कलक्टर ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन के लिए जिला प्रशासन लगातार निवेशकों, उद्यिमयों एवं औद्योगिक समूहों से लगातार संपर्क किया है। जिला प्रशासन के सतत प्रयासों का ही नतीजा है कि विगत एक माह में जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने ना केवल निवेशकों, उद्यिमयों एवं औद्योगिक समूहों के साथ बैठकों का आयोजन किया, बल्कि अप्रवासी राजस्थानी एवं स्थापित उद्योग जो अपने उद्यम विस्तार के इच्छुक हैं, उनसे भी संपर्क कर निवेश करारों पर सहमति बनाई गई है। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि निवेश के लिए भूमि हेतु समस्त उपखण्ड अधिकारियों को उपलब्ध भूमि की जानकारी देने के लिए पाबंद किया जा चुका है। साथ ही जिले में अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव एवं एमओयू सुनिश्चित करवाने हेतु महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, यूनिट हेड रीको के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों भी जिम्मेदारियां सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि जिले में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए जिला प्रशासन को जेम्स एंड ज्वैलरी एसोसिएशन, एजीईएस, वुडन हेंडिक्राफ्ट एसोसिएशन, राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, फोर्टी, क्रेडाई, लघु उद्योग भारती, सिडबी, विश्वकर्मा, कालाडेरा, बगरू, दूदू, 22 गोदाम, झोटवाड़ा, सीतापुरा, मानसरोवर, मालवीय नगर, सांगानेर, सरना डूंगर सहित अन्य प्रमुख निवेशकों एवं औद्योगिक संगठनों का सहयोग एवं समर्थन भी मिला है।



**राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय इंवेस्टर्स मीट कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने बैठक ली।**

- **जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों के लिए 205 निवेश एमओयू होंगे साइन**
- **इन समझौता के बाद करीब 2 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे : कलेक्टर**

## बाल विवाह रोकथाम के लिए "ऑपरेशन लाडली" अभियान

**जयपुर** । प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए पुलिस विभाग चार दिवसीय अभियान चलाएगा। महानिरीक्षक पुलिस सिविल राइट्स जय नारायण ने आदेश जारी कर बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को "ऑपरेशन लाडली" अभियान की क्रियान्विति करने के निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान पुलिस लोगों को विभिन्न तरीकों से समझाइश कर कम आयु के बच्चों को जागरूक करेगी।

आईजी जय नारायण ने बताया कि समाज में प्रचलित बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में "ऑपरेशन लाडली" अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 12 नवम्बर को अबूझ सावे पर होने वाले बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस विभाग 11 से 16 नवंबर लगातार छह दिन तक यह अभियान संचालित कर रहा है, जिसकी क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के प्रभावी कियान्वयन के लिए पुलिस जिला, खण्ड, स्कूल, ग्राम स्तरीय एवं सेवा प्रदाताओं की कार्यशाला का आयोजन कर उपस्थित प्रतिभागियों को अभियान के प्रति संवेदनशील बनाएगी।